**Regarding need to provide stoppage of Aravali Express (Train no. 19707/08) at Ramgarh Shekhawati Railway Station in Jhunjhunu Parliamentary Constituency, Rajasthan- laid**

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला **(झुन्झुनू) :** ट्रेन संख्या 19707 और 19708 अरावली एक्सप्रेस मेरे संसदीय क्षेत्र झुंझुनूं के रामगढ़ शेखावाटी होते हुए श्रीगंगानगर से बांद्रा टर्मिनल (मुम्बई) के बीच चलती है । मेरा संसदीय क्षेत्र झुंझुनूं सहित सीकर ,चुरू सैनिकों के जिले होने के साथ साथ ये शिक्षा नगरी भी है । यहां से लाखों युवा भारतीय सेना में है और लाखों युवा ही बाहर के यहां आसपास अध्ययनरत भी है । सैनिकों को देश के अलग अलग स्थानों पर सर्विस के लिए आना जाना होता हैं । इस स्टेशन के नजदीक ही सालासर बालाजी सहित अनेक धार्मिक स्थल स्थित है । इस ट्रेन का स्टॉपेज रामगढ़ शेखावाटी स्टेशन पर नहीं होने से यहां के सैनिकों,श्रृद्धालुओं और विद्यार्थियों को काफी असुविधा हो रही है । इसलिए मै माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि ट्रेन संख्या 19707 और 19708 अरावली एक्सप्रेस का स्टॉपेज रामगढ़ शेखावाटी स्टेशन पर करने की कृपा करें जिससे क्षेत्रवासियों के साथ साथ सैनिकों, श्रृद्धालुओं और विद्यार्थियों को इस ट्रेन का फ़ायदा मिल सके ।